तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025



14 करोड़ों के मंगल भवन में गंजेड़ियों का डेरा, ...





14 गुरु पूर्णिमा आज : मंदिर, आश्रम और स्कूलों में ...






खबर संक्षेप

### श्रम विभाग ने मजदूरों को दिलाई लंबित पारिश्रमिक



**बलौदाबाजार।** जिला श्रम विभाग ने एक निजी कंपनी में काम करने वाले 33 मजदूरों क़ा दो माह से लंबित मजदूरी राशि 5 लाख 73 रुपये का भुगतान कराया। जानकारी के अनुसार डीसीपीएल रेल एण्ड इंजीनियरिंग प्रा.लि. बलौदाबाजार अंतर्गत फेब्रिकेशन का कार्य करने वाले मजदूरों को माह मई एवं जून कुल दो माह की मजदूरी राशि प्रदान नहीं की गई थी। बलौदाबाजार विकासखण्ड के मगरचबा रोड, खोरसीनाला पनगांव निवासी अस्थेश्वर रात्रे एवं अन्य 32 मजदूरों के साथ कार्यालय श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में शिकायत दर्ज कराई। श्रम विभाग ने उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दोनो पक्षों को बैठक बुलायी गयी। बैठक में अनावेदक संस्थान द्वारा उक्त राशि दिलाये जाने के संबंध में आश्वासन दिया गया था। श्रम विभाग द्वारा मजदूरों को उनकी बकाया मजदूरी राशि 573112 चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। मजदूरी राशि मिलने पर सभी मजदूरों ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एलआईसी सदस्यों ने स्कूल परिसर में रोपे पौधे



**कसडोल।** स्थानीय भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट शाखा द्वारा इस वर्ष भी समीपस्थ ग्राम पंचायत टेमरी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक पुरुषोत्तम साहू, विकास अधिकारी दुर्गेश सोनी, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार देवेन्द्र साहू एवं सुनील तिवारी, अभिकर्ता कमलेश साहू, टिकेश्वर चेलक, परमेश्वर कैवर्त, पुरुषोत्तम कठोत्रे, सरपंच लक्ष्मी सुनील पैकरा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनसिंह पैकरा, पंच डुमर सिंह पैकरा, संतोष पैकरा, शिक्षकगण स्नेहलता साहू, सुमित्रा पैकरा, नीलम साहू, योगेश साहू, संजय विजन, प्रदीप कैवर्त्य सहित स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे शामिल हुए। स्कूली बच्चों में पौधारोपण करते काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने पौधारोपण करते हुए पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली।

### छतीसगढ़ को नशामुक्त प्रदेश बनाये शासन

**सिमगा।** भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय के नाम पत्र लिखा है। X में पोस्ट पर उन्होंने प्रदेश को नशामुक्त प्रदेश बनाने की पहल किए जाने पर जोर दिया। अवस्थी ने आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य संकट में है। छत्तीसगढ़ की 60 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह राज्य की जनशक्ति और विकास की नींव हो सकती है, परंतु आंकड़े डराते हैं। बीते वर्ष 2024 में राज्य में नशे से जुड़े अपराधों में 37 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। 18 से 30 वर्ष की आयु के 65 प्रतिशत अपराधियों की गिरफ्तारी नशे की स्थिति में हुई। स्कूल और कॉलेजों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री ने शिक्षा को भी कलंकित किया है। मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए उन्होंने कुछ शेष पेज 12 पर

# ऑयल पाम की खेती आर्थिक उन्नति का है सरल व बेहतर विकल्प

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार क़ो जिला पंचायत के सभागार में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल पॉम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के किसानों क़ो ऑयल पाम खेती के फायदे एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी दी गई।

ऑयल पॉम के कंपनी प्रियूनिक एशिया प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारी द्वारा उत्पादन संबंधी समस्त क्रियाकलापों एवं विक्रय से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषकों को देते हुए बताया कि प्रति हेक्टेयर 143 नग ऑयल पॉम पौधे हेतु 29 हजार अनुदान प्रदाय किया जाता है। साथ ही प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक रखरखाव, उर्वरक खाद आदि हेतु भी अनुदान राशि प्रदान की जाती है। ऑयल पॉम की खेती से वार्षिक उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 टन उत्पादन होता है।

उत्पादन के लिए न्यूनतम मजदूरों की आवश्यकता होती है। ऑयल पॉम की खेती हेतु प्रति हेक्टेयर पहले 4 वर्षों में 25 से 30 हजार प्रति वर्ष अनुमानित लागत आता है। उसके पश्चात 4 से 6 वर्ष में प्रति हेक्टेयर खरीदी मूल्य 18351 प्रति टन के आधार पर रूपये 70 हजार से 2.70 लाख तक अनुमानित आय भी प्राप्त होती है। अनुबंधित संस्था द्वारा उत्पादन का क्रय किया जाना अनिवार्य होता है।

## कार्यशाला में किसानों को ऑयल पॉम खेती के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी



खरीदी दर पर 100 प्रतिशत उत्पादन खरीदी कंपनी की जवाबदारी होगी, अन्य तिलहन की तुलना में ऑयल पॉम में 5 से 6 गुना अधिक तेल उत्पादन होता है। इस संबंध में दुर्ग जिले के प्रगतिशील किसान देवांगन ने ऑयल पॉम की खेती के बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि 40 हजार प्रति एकड़ प्रत्येक माह आय प्राप्त होती है। कार्यशाला में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कृषकों द्वारा प्रोत्साहित किया गया।



### ये रहे उपस्थित रहे

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, उपसंचालक कृषि दीपक नायक, सहायक संचालक उद्यान आभा पाठक, अनुविभागीय अधिकारी कृषि जयइन्द्र कंवर, अवधेश उपाध्याय, कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. सविता राजपूत, डॉ. सागर आनंद पाण्डेय, स्वाति ठाकुर सहित उद्यान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कृषक संगठन, कृषक एवं ऑयल के अनुबंधित कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

## नियमों की अवहेलना: कार्रवाई में 52,900 समन शुल्क वसूला गया

# यातायात पुलिस ने 149 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार

जिला यातायात पुलिस ने मंगलवार को यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की।दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 41 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 12,300 समन शुल्क वसूल किया गया। इसी तरह हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 43 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 21,500 समन शुल्क वसूला गया। नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 19 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5700 समन शुल्क लिया गया। इस तरह कुल 142 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 52,900 समन शुल्क वसूला गया।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन के लिए सख़्ती से कार्रवाई कर रही है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।



# राजादेवरी थाने का निरीक्षण करने पहुंचीं एसपी भावना



हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बुधवार को थाना राजादेवरी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा थाना प्रभारी सहित थाना में उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की परेड लेकर सलामी ली गई एवं सभी कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया।

- लंबित शिकायत, अपराध, मर्ग का निरीक्षण कर, त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश
- निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस स्टाफ को किया पुरस्कृत

भावना गुप्ता द्वारा थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराध एवं थाना में पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों एवं सुशासन त्यौहार में प्राप्त शिकायत का भी निर्धारित समयावधि में सार्थक निराकरण करने हेतु थाना प्रभारी राजादेवरी को निर्देशित किया गया। साथ ही नये कानून के प्रावधानों के अनुसार, ई-साक्ष्य एवं तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए भी निर्देश दिए। थाना परिसर, शस्त्रागार, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष आदि के रख-रखाव व साफ-सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी राजादेवरी एवं उपस्थित अधिकारी-कर्मचारीगण को अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचना शेष पेज 12 पर

# 15 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज गिधौरी

समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। 9 जुलाई को प्राप्त सूचना गिधौरी पुलिस टीम ने ग्राम पथरीडेरा टुण्डरा निवासी 24 वर्षीय विजय को घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करते गिरफ्तार किया। आरोपी शराब कोचिया से 3 हजार कीमत की 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



# शराब परोसने वाले 8 होटल, ढाबा, ठेला चखना सेंटर संचालकों पुलिस ने की कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस टीम ने 8 जुलाई को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले 8 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

पकड़े गए आरोपियों में साहिल मनहरे 19 वर्ष निवासी ग्राम संडी थाना पलारी, शिव भारती 40 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद, इसी तरह मोटू ध्रुव 20 साल, डोमार यादव 19 साल सिंगारपुर, कोमल साहू 26 साल अर्जुनी, श्रवण साहू 57 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहा, संतोष जोशी 23 साल निवासी ग्राम सेमरिया और देव देवांगन 37 साल निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण शामिल हैं।



# समय पूर्व स्कूल से गायब हो रहे शिक्षक, पालकों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज हथबंद

शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल हथबंद के कर्मचारियों द्वारा शासन के नियमों को ताक में रखकर मनमानी की जा रही है। अधिकांश स्टाफ 4 बजे भाग जाने की शिकायत मिलती रहती है, जबकि स्कूल का टाइम दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक है, जिसके कारण शाम 4 बजे लगभग सभी विद्यार्थी बाजार, रेलवे स्टेशन, सैलून, पान ठेला में घूमते नजर आते हैं। शाला में अनुशासन हीनता के कारण अधिकांश बच्चे को ट्यूशन करना पड़ता है, वहीं गरीब बच्चे ट्यूशन के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। व्यायाम शिक्षक होने के बावजूद विद्यार्थियों को खेल नहीं खेलाया जाता न ही खेल का सामान दिया जाता, इसकी शिकायत पालकों एवं शिक्षा समिति के सदस्यों से मिलने पर संस्था के प्राचार्य सीके नायक से संपर्क करने पर सकारात्मक एवं स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया, बल्कि शाला परिसर में पत्रकार को नहीं आने की नसीहत दी गई, जबकि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो पालकगण उग्र कदम उठाने मजबूर होंगे है।



## योजना का लाभ उठाने वालों को दी जा रही 75 हजार की सब्सिडी

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना बनी आमजन के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार

सूरज की तेज गर्मी से सोलर पैनल को ऊर्जा मिलने से लोगों को आसानी से बिजली मिल रही है, जिससे घर रोशन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। बलौदाबाजार शहर के प्रतिष्ठा कॉलोनी निवासी प्रसन्न दीवान ने इस योजना के तहत अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कर योजना का लाभ उठाया है।

उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से मिली, इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली। दीवान ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और सरल है। उन्होंने योजना के तहत आवेदन कर 5 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्रणाली अपने घर में स्थापित कराया, जिससे उन्हें 78 हजार की सब्सिडी प्राप्त हुई। यह प्रणाली पिछले 6 महीनों से सुचारू रूप से कार्य कर रही है और इससे उन्हें प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ हो रहा है। पहले जहां उन्हें हर माह भारी भरकम बिजली बिल चुकाना पड़ता था, अब बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से न केवल बिजली बचत हो रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। दीवान ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपने घरों में इस योजना का लाभ लेकर न केवल बिजली की बचत करें, बल्कि अपनी आय में भी वृद्धि करें। इसके लिए दीवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है और देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है।




# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख तक कैशलेश उपचार की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार

केंद्र सरकार ने देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज की योजना से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्रति व्यक्ति डेढ़ लाख तक का कैशलेस इलाज की पात्रता होगी।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है। यह योजना 5 मई से लागू हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो किसी सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से होने वाली दुर्घटना पीड़ति होता है, वह ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति व्यक्ति 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज की पात्रता है। इसके साथ ही योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटना में पीड़ति की तत्काल सहायता करके अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो ऐसे राहवीर व्यक्ति को 25 हजार तक पुरस्कार की राशि देने का प्रावधान है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में इन दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

- केंद्र सरकार के आदेश पर जिला में अमल शुरू

खबर संक्षेप



## खरोरा में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गुरु पूर्णिमा पर्व पर 10 जुलाई गुरुवार को भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ रखा गया है। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह आयोजन होगा। संगठन के प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि चालीस पाठ के माध्यम से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से दुर्गा चालीसा पाठ में अवश्य शामिल होने की अपील की है।

## केंद्र सरकार 4 लेबर कोड रद्द करे सरकारः राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने केंद्र के 4 लेबर कोड के विरोध में देश के समस्त ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान जब देश की जनता जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रही थी, मजदूरों के 44 श्रम कानूनों में से 29 प्रभावशाली कानूनों को खत्म कर चार नए लेबर कोड (श्रम संहिता) बनाए। इन 4 नये कोड लागू होने पर मजदूरों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से जो श्रम कानून हासिल किये थे, भाजपा सरकार ने उसे खत्म कर दिया।

## शुक्ला के सुझावों को मिला स्थान



**महासमुंद।** बढ़ती बाल श्रम की समस्या को लेकर बाल अधिकारों और संरक्षण के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला द्वारा दिए गए सुझाव को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) भारत सरकार द्वारा गंभीरता से लिया गया है। शुक्ला के इस सुझाव को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति मिलने से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बालक के जीवन में बदलाव आएगा।

## निधन

### जसराज लोढ़ा



**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड निवासी व महासमुंद वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष, नगर के प्रसिद्ध बर्तन व्यवसायी जसराज लोढ़ा (73) का आज सुबह निधन हो गया। वे अलसीचंद, गौतमचंद, स्व. पारस लोढ़ा के बड़े भाई एवं दिनेश, हेमंत के पिता थे।

### कड़े फैसले : टैक्स वसूली में तेजी लाने नपाध्यक्ष ने ली राजस्व कर्मियों की बैठक

# वार्ड के प्रभारी मोहर्रिर ही काट पाएंगे रसीद, अन्य वार्ड में हस्तक्षेप पर पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अब कोई भी मोहर्रिर अपने प्रभार वार्ड के अलावा किसी अन्य वार्ड से संबंधित टैक्स रसीद नहीं काट सकेंगे। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी वार्ड प्रभारी मोहर्रिरों को सख्त निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि संबंधित वार्ड के अलावा प्रभारी मोहर्रिरों द्वारा अन्य वार्डों के टैक्स रसीद काटने से दस्तावेजों के अव्यवस्थित होने की संभावनाएं रहती है, इसलिए अपने प्रभार क्षेत्र के वार्ड का ही मोहर्रिर टैक्स रसीद काट सकेंगे।

उक्त निर्णय नगर पालिका अध्यक्ष ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ली। बैठक में टैक्स वसूली को लेकर कड़े फैसले लिए गए। राजस्व विभाग के प्रभारी व मोहर्रिरों को पालिका अध्यक्ष ने सख्त



निर्देश देते हुए टैक्स वसूली में तेजी लाने नियमानुसार कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि बड़े बकाएदारों के घर जाकर उन्हें नोटिस दें तथा टैक्स भुगतान के लिए अपील करें। यदि इस माह के अंत तक बड़े बकायेदार भुगतान नहीं करते तो मूलभूत सुविधाएं बंद करने की कार्रवाई भी करें। पालिकाध्यक्ष साहू ने मोहर्रिरों से कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर, बाजार साइड सहित जलकर वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन वार्ड मोहर्रिर वार्डों में जाकर टैक्स वसूली करें, जितने भी बड़े बकायादार है उन्हें नोटिस जारी कर उनसे टैक्स जल्द से जल्द वसूली करें, जिन दुकानों और मकानों का नाप जोख नहीं हुआ है उनका नाप जोख कर टैक्स जमा करें, राजस्व बढ़ोतरी के लिए जो भी उचित कार्रवाई करनी पड़े वह नियम अनुसार करें। बैठक में राजस्व व्यवस्था सुधारने के लिये कई बिंदुओं पर निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से विभाग प्रभारी दिलीप चंद्राकर, लिपिक गुमान सिंह ध्रुव व सभी वार्ड के प्रभारी मोहर्रिर उपस्थित थे।

## गायत्री शक्ति पीठ में अनेक कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा गुरु पूर्णिमा अवसर पर विभिन्न शक्तिपीठों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसके तहत गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में 10 जुलाई को प्रातः 6 से 8 बजे अखंड जप एवं 9 बजे से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, 9:30 बजे से बच्चों का विद्या आरंभ एवं दीक्षा संस्कार होगा। साथ ही हमारे जीवन पर गुरु का महत्व विषय पर विकासखंड स्तरीय निबंध प्रतियोगिता होगी। दोपहर 12 बजे देव पूजन के साथ 40 दिवसीय अनुष्ठान के लिए संकल्प कराया जाएगा तथा 1 बजे जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के आतिथ्य में निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण होगा। तत्पश्चात शांति पाठ के साथ भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। विभिन्न संस्कार कराने के इच्छुक व्यक्ति गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं। सभी संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे।

## खट्टाडीह में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

■ अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह में नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करीडीह के सरपंच रामेश्वर साहू और उपसरपंच कुमार चक्रधारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्रधान पाठिका श्रद्धा महानंद ने की। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक अमित कुमार



उइके, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा सिन्हा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कांति चक्रधारी, लता साहू, ललित ठाकुर, केसर चक्रधारी, सुरेश साहू, गोविंद चक्रधारी, बाबूलाल साहू, सोनी साहू, सुकवारो साहू, एवन चक्रधारी, सुखबती सिन्हा, किशनलाल चक्रधारी, यशवंत साहू आदि मौजूद रहे।

## दाबपाली स्कूल परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली के परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। जिसमें लगभग 51 पौधे में छाया व फलदार काजू, शीशम, जामुन, नीम, बरगद, पीपल जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में पदस्थ रामानंद दीवान उपनिरीक्षक आबकारी विभाग विशेष रूप से अपने जन्म दिवस मनाने गांव आए थे। उनके मार्गदर्शन में वृहद पौधरोपण का कार्य हुआ। शाला परिसर में अपने माता-पिता के नाम



पौधरोपण टी गार्ड के साथ किया। अपने जन्म दिवस पर विद्यालय में बच्चों को नेवता भोज कराया। दीवान ने लगातार 35 वर्ष से पौधरोपण करते आ रहे और पूर्व में भिलाई नगर में पर्यावरण संरक्षण संस्था से जुड़े हुए हैं। उन्होंने ग्राम के सभी लोगों से बारिश के दिनों में एक एक पेड़ लगाने की अपील एवं बच्चों को उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच गेस पटेल, पंच एवं उनके क्लासमेट हेमसिह परमार, डेमन दीवान, संजय सेन, टेसकुमार दीवान, शंकर लाल दीवान, प्रधान पाठक गुरु दत्त पटेल, संकुल समन्वयक खुसरुपाली अमित मार्टिन, शिक्षक रंजीत कौर छाबड़ा, शिक्षिका सौरभ मेहरकुरे, शिक्षक भुनेश्वर नायक शिक्षक सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित पटेल ने किया।

## गुरु पूर्णिमा पर योगभवन में कई कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को स्वामी शिवानंद योगभवन में सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक अनेक कार्यक्रम होंगे। प्रातः 6 बजे सर्वदेव वंदना, प्रार्थना, गुरुस्त्रोत्तम, शांति मंत्र, प्रातः स्मरण, स्वामी शिवानंद सरस्वती का संदेश, प्रातः630 बजे ध्यान, योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, योग निंद्रा , प्रातः 9 बजे पादुका पूजन, प्रातः 10 बजे विष्णुसहस्त्रनाम स्त्रोत्तम, प्रातः 11 बजे स्वामी शिवानंद का पुस्तक वाचन, दोपहर 12 से 4 बजे व्यक्तिगत ध्यान आदि। शाम 4 बजे मंत्रलेखन एवं मंत्र जप शाम 5 बजे संकीर्तन, शाम 6 बजे से भजन कीर्तन होगा। तत्पश्चात शांति पाठ आरती होगी। यह जानकारी दिव्य जीवन संघ महासमुंद के प्रमुख दौलत चंद्राकर ने दी।

# भाजपा सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के

**बच्चों को अब तक नहीं मिली पुस्तकें, स्कूल भवनों का मरम्मत भी नहीं करा पाई सरकार**

**युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों का भयादोहन कर चलाया जा रहा तबादला उद्योग**

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं है। शिक्षक, शिक्षार्थी व स्कूलों की हालत बदहाल है। शिक्षा सत्र शुरू हुए लगभग एक माह बीतने को है, लेकिन सरकार ने अब तक स्कूलों में छात्रों के लिए किताबों की व्यवस्था तक नहीं की है। इसके अलावा अनेक स्कूल भवन जर्जर हैं, और इन जर्जर भवनों में पढ़ाई करने बच्चे विवश हैं। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही जर्जर स्कूलों की मरम्मत, शिक्षकों की व्यवस्था, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता होती है, लेकिन भाजपा की साय सरकार केवल शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने, शासकीय स्कूलों को बंद करने की षड़यंत्र के तहत काम कर रही है।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों तक शिक्षा के विस्तार के लिए किताबों के साथ कापियां भी वितरित की। भूपेश सरकार के इस योजना का लाभ सरकारी ही नहीं निजी स्कूलों के बच्चों को भी मिला था। स्कूलों में पुस्तकों के साथ कापियां मिलने से बच्चों के माता पिता के सिर से कॉपियां खरीदने की एक अतिरिक्त बोझ भूपेश सरकार ने खत्म कर दिया था। लेकिन, वर्तमान सरकार बच्चों को पाठ्य पुस्तक ही वितरण नहीं कर पा रही है। चंद्राकर ने कहा कि विकसित भारत के दावे करने वालों की सरकार में पहले नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के पदों की न्यूनतम संख्या में कटौती करने अव्यवहारिक युक्तियुक्तकरण थोपा गया और अब तक छात्रों के लिये किताबों की व्यवस्था तक नहीं की गई। भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि सरकारी स्कूलों में छत्तीसगढ़ के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को निः शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। स्कूल खुले लगभग 1 माह बीतने को है, लेकिन अब तक पाठ्य पुस्तक स्कैन करने का काम ही नहीं हो पाया है, शिक्षक-शिक्षिकाएं पठन-पाठन का काम छोड़कर स्कैन करने में पोर्टल में आ रही दिक्कतों से जूझ रहे हैं।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि शिक्षा प्रणाली को बदहाल करने में सत्ता के संरक्षण में शिक्षा विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों का भी बड़ा योगदान है। इनके द्वारा प्रदेश में अघोषित तौर पर तबादला उद्योग चलाया जा रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण बागबाहरा ब्लाक के ग्राम अनवरपुर प्राथमिक शाला है। जहाँ युक्तियुक्तकरण के तहत इस स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक का 24 घंटे के भीतर ही स्थानांतरण कर दिया गया। नए सेटअप और युक्तिकरण के नाम पर यह सरकार शिक्षकों का भयादोहन कर रही है। जहां पहले से ही शिक्षक कम है वहां से भी शिक्षकों को दबावपूर्वक हटाया जा रहा है।



## अलुमनी आशना ने दान की किताबें

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अलुमनी आशना जोसेफ द्वारा एमए प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर इतिहास की अंग्रेजी माध्यम की दो किताबें दान में दी। यह किताब इतिहास विभाग की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए विभाग को प्रदान किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी एसोसिएशन, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष मनीष शर्मा सहसचिव, दुर्गावती भारतीय सचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, समस्त प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों, डॉ रीता पांडेय संयोजक, डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने इस कार्य की सराहना की है।

## सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** 8 जुलाई को विकासखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा महासमुंद में हुआ। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा और सेजेस नयापारा की टीमों ने भाग लिया। उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर टीमों का चयन किया गया, जो कि आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता बालक वर्ग में पिथौरा और बालिका वर्ग में महासमुंद में आयोजित है, भाग लेंगे। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार कन्नौज ने सभी खिलाड़ियों को आगे स्तर पर खेलने और अपनी संस्था और जिला का नाम रोशन करने के लिए प्रेरक संदेश दिए।



## चोपड़ा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा के जन्मदिन पर आज जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज 10 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजित है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक सेवा संगठनों और नागरिकों द्वारा जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया जाएगा। कार्यालय में पूर्व विधायक का जन्मदिन समारोह का भी आयोजित किया गया है। जिसमें क्षेत्र के कार्यकर्ता और नागरिक शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने सभी मंडलों एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला, मण्डल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों सहित शक्तिकेन्द्र और बूथ समिति के सदस्यों और आम नागरिकों को रक्तदान शिविर और जन्मदिन समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

## अभाविप का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम खरोरा में सखी सहेली स्वसहायता समूह के महिलाओं द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें प्राची चंद्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश की युवा छात्र शक्ति का प्रतिनिधि संगठन है। इसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई। तब से अब तक परिषद निरन्तर ऊर्जा संपन्न युवाओं को संगठित करने का कार्य किया है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं। विद्यार्थी परिषद युवा शक्ति के राष्ट्रवादी स्वर का प्रतिनिधि संगठन है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। विद्यार्थी परिषद् छात्र-छात्राओं में सकारात्मक देश भक्ति को बढ़ावा देने



और राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे। दलगत राजनीति से परे यह संगठन देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-समुदाय को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रहित के लिए विभिन्न मुद्दों पर झकझोरती रही है। विगत वर्षों में छात्र हितों के लिए संघर्ष करने वाले संगठनों के बीच विद्यार्थी परिषद की अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाते हैं।इस दौरान सखी सहेली स्व सहायता समूह के राधिका वैष्णव, दुर्गा, निर्मला, कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन, दामिनी, बृजेश्वरी, दिनेश्वरी, हीरा, राखी मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष

### राजादेवरी थाने का...

व लंबित अपराधों लंबित मर्ग, लंबित शिकायत, लंबित पत्रों का समयबद्ध गुणवत्ता पूर्वक निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महिला एवं बालक संबंधी अपराध एवं गंभीर अपराधों की जांच-विवेचना निर्धारित समयावधि पर करने आवश्यक हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त थाने में उपस्थित आवश्यक पंजियों ग्राम अपराध पुस्तिका, हिस्ट्री शीट रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण कर कमियों को पूरा करने थाना प्रभारी राजादेवरी को निर्देश दिए गए।

थाना राजादेवरी के माल खाना में जाकर जप्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर, रख रखाव एवं समयावधि पर जप्ती माल का निराकरण के भी निर्देश दिये गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा हवालात व संपूर्ण थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किया गया एवं परिसर में साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। थाने के विवेचकों के पास कितना लंबित है जानकारी ली गई एवं लंबित शिकायत, अपराध, मर्ग, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने का सख्त निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित तथा हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने, थाने में आम जनों के द्वारा किसी मामले को लेकर उपस्थित होने पर सम्मान पूर्वक बैठा कर उनकी समस्याओं, शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। बेसिक पुलिसिंग एवं विजिबल पुलिसिंग के तहत शाम को पैदल पेट्रोलिंग करने एवं होटल, ढाबा, लॉज, बस स्टैंड चेकिंग, गुंडा, निगरानी, बदमाशों की नियमित चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान आरक्षक 660 तेजराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक 259 नारायण अवस्थी एवं आरक्षक 401 त्रिलोकी नाथ वर्मा को पुरस्कृत किया गया।

### छत्तीसगढ़ को नशामुक्त...

सुझाव भी दिए है। महासचिव ने कहा कि शराब बंदी लागू करें और साथ ही चरणबद्ध तरीके से बिहार और गुजरात जैसे राज्यों की नीति का अध्ययन कर प्रदेश में शराब बंदी की ओर कदम उठाए। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज, मंदिर, अस्पतालों के पास 1 किमी तक नशे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के लिए मुफ्त पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना की जाए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष हेल्पलाइन और सेल गठित हो। सरकार को व्यापक रूप से जनजागरण अभियान पंचायत स्तर से डिजिटल मंचों तक चलाया जाना चाहिए। इसके साथ ही सख्त कानून, विशेष पुलिस यूनिट और निगरानी समिति का गठन हो। युवा शक्ति मिशन जैसी योजना शुरू कर युवाओं को खेल, स्किल और सेवा कार्यों में जोड़ने की पहल हो। प्रदेश को नशामुक्त बनाने भगवती मानव कल्याण संगठन व्यापक रूप से अभियान चला रही है। प्रदेश के लगभग 20 जिलों में इस अभियान का सतत विस्तार हो रहा है। आगामी समय मे भी संगठन द्वारा व्यापक रूप से अभियान चलाए जाने की योजना है। उन्होंने संगठन के इस अभियान में आमजनों को जुड़ने की अपील की है।

# भाजपा सरकार बनने के बाद कई काम किए, जनता के दिलों में बनी हमारी छाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती विषय पर कहा, सरकार के कोई कार्य ऐसे होते हैं, जिनसे उनकी पहचान बनती है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद हमने कई ऐसे कार्य किए हैं, जिससे जनता के दिलों में हमारी छाप बन चुकी है।

उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार बनी तो सबसे बड़ी चुनौती थी। पूर्ववर्ती सरकार के जनता से किया धोखे और हमारे वादे को पूरा करने के लिए, सरकार बनते ही हमने गरीबों के आवास की चिंता करते हुए 18 लाख आवास देने के प्रयास किया। 18 महीना की सरकार में हमें यह सोचकर संतोष है कि हम उस लक्ष्य के बड़े हिस्से को पूरा कर चुके हैं। यह एक बड़ी चुनौती थी जिसे हमने अवसर में बदला।

## मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण शिविर में विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती पर कहा







### भाजपा सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है

*मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी सभी वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य करती है और यह हमारे लिए बड़ा संतोष का विषय था। प्रदेश की मातृ शक्ति को हमने प्रतिमाह 1000 रुपए देकर उनके आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया व उनके आत्म सम्मान में वृद्धि की। किसानों से हमने रिकॉर्ड 149 लाख चावल खरीदा यह हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*



### जीडीपी दोगुना करने का लक्ष्य

उन्होंने कहा, इस वर्ष छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है। हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्ष में राज्य की जीडीपी को दोगुना करना और 2047 तक उसे 6 लाख करोड़ से बढ़ा कर 75 लाख करोड़ तक पहुंचाना है।



### नितिन नवीन बोले- हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय हमें मंथन करना चाहिए



सांसद विधायक प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिन के अंतिम सत्र में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने लोक व्यवहार, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व कौशल विषय पर बोलते हुए कहा कि इन सभी विषयों का संतुलित संयोजन ही किसी को लोकप्रिय जनसेवक बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को औपचारिक अनौपचारिक संवाद द्वारा जनता, कार्यकर्ता से व्यक्तिगत संबंध बनाना चाहिए। कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जब कार्य करने बावजूद कुछ लोग विपरीत बात करते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देने के बजाय हमें मंथन करना चाहिए कि आखिर ऐसी कौन-सी स्थिति थी कि उन्होंने ऐसी बात कही। यह संयम ही हमें अनुकूल वातावरण तैयार करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, याद रखें, यदि हम निर्णय संवाद से करते हैं तो वह निर्णय लोकतांत्रिक हो जाता है और वह व्यक्ति भी उस निर्णय से जुड़ जाता है। प्रदेश प्रभारी श्री नवीन ने कहा कि जनसभा, पत्रवार्ता, सेमिनार, डिबेट सभी का भाव अलग होता है। इस हेतु कौशल विकसित कर उसके अनुसार की चर्चा करने से जनसेवक जनता से सीधा संवाद स्थापित कर पाता है। सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग को राष्ट्रीय संगठन वी. सतीश ने भी संबोधित किया। द्वितीय दिन के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत सुबह योग व्यायाम से हुई, जिसमें सभी सांसद- विधायक एवं मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

---

## खबर संक्षेप



### शिविर में 200 मरीजों ने कराया इलाज

रायपुर। लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं शताब्दी जन्मजयंती के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश गड़रिया धनगर समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में स्किन रोग, डायबिटीज, शुगर, बीपी और फिजियोथेरेपी के लगभग 200 मरीजों का इलाज निशुल्क किया गया। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु धनगर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकरापारा वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू ने की। इस शिविर में जगदीश धनगर, गणेश पाल, अजय हंसा, कपूरचंद धनगर, केदार धनगर, धर्मेंद्र धनगर, प्रकाश धनगर, सुरेश धनगर, संतोष धनगर आदि उपस्थित थे।

### पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को कार्य प्रभावशीलता बढ़ाने दिया प्रशिक्षण



रायपुर। पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को कार्य प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाना है, जिससे वे अपने काम को अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। इससे कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में भी सुधार होता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से डगनिया मुख्यालय स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला का उचित मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी, संजय पटेल, व्हीए देशमुख, एसके उइके, अभिषेक दीवान, सौरभ पाण्डे आदि शामिल थे।

### समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष से पहले गरीबी और महंगाई पर चर्चा जरूरी

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने देश में मौजूदा समय संविधान के प्रस्तावना में उल्लेखित "समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष" शब्द पर छिड़ी बहस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, संविधान ने देश को समृद्धि और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, जहां 130 करोड़ नागरिकों की आवाज़ सुनी जाती है वहां संविधान ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त है फिर भी संविधान के सामने आज कई चुनौतियां है आज जब देश अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, तब राजनीतिक दलों द्वारा समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों पर बहस करना देश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने जैसा है।

---

### सरकार ने योजना के निर्देश जारी किए

# कृषक उन्नति योजना पर अमल शुरू, धान के बदले दलहन तिलहन पर किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ 11 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना पर क्रियान्वयन शुरु कर दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में हरिभूमि ने पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित खबर में जानकारी दी थी कि धान की जगह दलहन-तिलहन उगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता राशि दी जाएगी।

अब जारी हुआ ये निर्देशराज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों की चिंता करते हुए कृषि उन्नति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी स्थित कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, संचालकों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र लिखकर कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा।

### इन किसानों को मिलेगी सहायता राशि

विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाया हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें, धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर 11000 रूपये प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि रूपये 10000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

### हरिभूमि ने पहले ही दी थी खबर, अब लगी मुहर



मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में लिया था निर्णय अब होगा अमल

धान छोड़कर दलहन, तिलहन मक्का लगाने वाले किसानों को अब मिलेगी प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता

पिछली कैबिनेट में हुआ था ये निर्णय

इस तरह समझें कैसी है योजना

इन किसानों को भी मिलेगा लाभ

### इसलिए जरूरी है ये सहायता राशि

मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, इस वजह से कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते।

### धान पर मिलेंगे 14 हजार 931 रुपए प्रति एकड़

*खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कॉमन) पर राशि रू. 731 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रूपये. 15351 प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रुपये. 711 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपये. 14931 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।*

### ये लाभ केवल पंजीकृत किसानों को

कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल के लिए पंजीयन कराया गया हो।

### इन्हें नहीं होगी पात्रता

पत्र में कहा गया कि विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट,मण्डल,प्राईवेट लिमि. समिति, केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। जो कृषक प्रमाणित धान बीज उत्पादन कार्यक्रम लेते हैं और सामान्य धान भी सहकारी समितियों में विक्रय करते हैं, उनके द्वारा कुल विक्रय की जाने वाली धान की मात्रा, उनके कुल धारित रकबे की सीमा से अधिक नहीं होना चाहिये, इसे छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आपसी समन्वय से किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधान के अध्याधीन किया जाएगा।

### बैंक खाते में आएगी राशि

पत्र में कहा गया कि कृषकों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति/छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि, (बीज निगम) को धान/धान बीज का विक्रय करने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि का निर्धारण गिरदावरी में सत्यापित रकबे, उपरोक्त संस्थाओं को विक्रय धान,धान बीज की मात्रा तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर प्रतिवर्ष अलग से किया जाएगा।

---

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात



रायपुर। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर ने सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस व उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शिंदे ने श्री ठाकुर से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर सफलता के लिए, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के लिए बधाई प्रेषित की।

### बेंगलुरु में होगी एआईसीसी ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के लिए गठित एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक 15 और 16 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू शामिल होंगे। कांग्रेस ओबीसी विभाग की यह बैठक बेंगलुरु के भारत जोड़ो भवन, क्वींस रोड में शाम 6 बजे शुरू होगी। इस काउंसिल के अध्यक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में देश के पिछड़े वर्ग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी और उन मुद्दों को जनता के बीच लाने अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही आने वाले चुनावों को देखते हुए रणनीतिक तैयारी की जा सकती है।





#### राज्य के मुद्दों को रखेंगे

बैठक में छत्तीसगढ़ के ओबीसी वर्ग से जुड़े हुए क्या मुद्दे हैं, इस पर भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू अपनी बात रखेंगे। चर्चा के बाद काउंसिल अपनी रिपोर्ट एआईसीसी के ओबीसी विभाग को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि जून में एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया गया था, गठन के बाद यह पहली मीटिंग होगी।

---

## लगातार तीन दिन की बारिश में बांधों का जलस्तर 13 प्रतिशत बढ़ा, गंगरेल आधा भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। अच्छी बारिश से बांधों के जलस्तर में सुधार आया। 3 जुलाई को बांधों में 28.26 प्रतिशत पानी था, वहीं मंगलवार को यह बढ़कर 40.92 प्रतिशत हो गया। बांधों के जलस्तर में करीब 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आषाढ़ माह के अंतिम दिनों में हुई बारिश ने पिछले माह हुई कम बारिश की भरपाई कर दी। पिछले साल के मुकाबले इसी सीजन में जलस्तर में करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। बारिश के बाद खेती-किसानी में तेजी आई है। लगातार बारिश से गंगरेल बांध की स्थिति में सुधार आया है। 32 टीएमसी वाले गंगरेल बांध में अब 16 टीएमसी पानी भर चुका है। तीन दिन की लगातार बारिश से 18 हजार क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। वहीं 400 क्यूसेक गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। गंगरेल के जलग्रहण क्षेत्र चारामा, भानुप्रतापपुर, कांकेर में हो रही अच्छी बारिश के कारण बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। यहां 18,177 क्यूसेक पानी प्रतिघंटा आ रहा है। गंगरेल बांध में 45.92 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।

### अन्य बांधों में बढ़ा जलस्तर

मिनीमाता बांगों में 44.71 प्रतिशत, सोंढूर बांध में 528 क्यूसेक पानी की आवक हुई है, जिसके कारण बांध के जलस्तर बढ़कर 21.78 प्रतिशत हो गया। दुधावा बांध में पानी की आवक 331 क्यूसेक हो रही है। यहां पर 19.40 प्रतिशत जल भराव है।माड़मसिल्ली में 556 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। यहां 12.80 प्रतिशत पानी है। तांदूला बांध में 20.45 प्रतिशत, सिकासार बांध में जलस्तर 30.14 प्रतिशत, खारंग में 81 प्रतिशत जल भराव है। अन्य बांधों में कोडार में 23, मनियारी में 73.49, केलों में 32 प्रतिशत जल भराव की स्थिति अब तक है।



### मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

मोंगरा बैराज के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश से लगातार जलभराव को देखते हुए शिवनाथ नदी में 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे अब तक स्थिर चल रही शिवनाथ के जल स्तर में बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि इससे बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी। मोंगरा बैराज के कैचमेंट एरिया राजनांदगांव व कांकेर के कई हिस्से में लगातार अच्छी बारिश हो रही है।

## श्रमिकों को सस्ता भोजन गैरकानूनी, अव्यवहारिक, अध्यक्ष ने कहा- योजना का संचालन संभव नहीं, बंद करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को सस्ती दर पर भोजन की योजना पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह योजना अव्यवहारिक होने के साथ गैर कानूनी भी है। मंडल द्वारा अब इस योजना का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने कहा है कि योजना को बंद करने के लिए राज्य शासन को अनुमति देना चाहिए। श्री मिश्रा ने यह बात श्रम कल्याण के संचालक मंडल की बैठक में कही है। उनका कहना है कि मंडल द्वारा संचालित सस्ती दर पर भोजन केन्द्रों को संचालित की जा रही है। योजना को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि श्रम कानूनों के तहत इन भोजन केन्द्रों का संचालन नियोजकों को किया जाना है, किन्तु इसका संचालन श्रम कल्याण मंडल कर रहा है, जो व्यावहारिक नहीं, गैर कानूनी भी है। इसमें मंडल के कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भोजन मद में व्यय हो रहा है। इससे कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में रुकावटें आ रही हैं। इसीलिए मंडल ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन से आग्रह किया है कि यह योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए ही उपयोगी है। श्रम कल्याण मंडल में इस योजना का संचालन करना अब संभव नहीं है। इसीलिए इस योजना को बंद करने की अनुमति दी जाए।

### मंडल में मजदूरों के पंजीयन की प्रक्रिया खुले

मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने मंडल की आय बढ़ाने तथा श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी फैसले की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि जिस तरह से असंगठित क्षेत्र के बोर्ड में श्रमिकों का पंजीयन खुला हुआ है। उसी तरह से श्रम कल्याण मंडल में भी मजदूरों के पंजीयन की प्रक्रिया को ओपन किया जाए। जिस पर संचालक मंडल के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे और अंततः यह निर्णय लिया गया कि अब मजदूरों को मंडल में सीधे पंजीयन देने की व्यवस्था की जाए, इस हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, अपर श्रमायुक्त सह प्रभारी श्रमायुक्त एसएल. जांगड़े, मंडल के सदस्य मंगलमूर्ति अग्रवाल, आलोक मिश्रा, हरप्रसाद साहू, मदन तालेड़ा, नरेश गड़पाल, कृष्णा दुबे, सुरेश मसीह समेत मंडल कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के कल्याण आयुक्त अजितेश पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

---

### अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू, साय रायपुर में फहराएंगे झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए।

### सुबह 9 बजे शुरू होगा समारोह

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा।




### परेड में शामिल होंगे ये बल

रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बीएसएफ., सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एनसीसी. कैडेट्स आदि की टुकड़ियाँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### साय देंगे जनता के नाम संदेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य समारोह में 'जनता के नाम संदेश' देंगे। यह संदेश दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रसारित किया जाएगा। मुख्य समारोह पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। प्रदेश के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर 15 अगस्त की रात प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। निजी संस्थानों से भी ध्वजारोहण एवं रोशनी करने की अपील की गयी है। जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों और प्रदर्शनी के आयोजन के लिए कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।

## नड्डा की मंत्री, विधायकों को नसीहत जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश : बैज

### कांग्रेस का सवाल- भ्रष्ट मंत्रियों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की जो हिदायत दी है, वह सिर्फ राजनीतिक नौटंकी है।

भाजपा सरकार से त्रस्त जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जब नड्डा को पता चला कमीशन और भ्रष्टाचार की काली कमाई में भाजपा के मंत्री विधायकों की हिस्सेदारी है, ऐसे में वह भ्रष्ट मंत्री और विधायकों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते? भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, कोई भी काम बिना लेनदेन के होता नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा, चंद ठेकेदार और उद्योगपति मिलकर लूट के लिये संगठित गिरोह चला रहे हैं। देश देख रहा है किस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। वही स्थिति राज्य में भी है। उन्होंने कहा, 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान भी छत्तीसगढ़ को लूटा गया और छत्तीसगढ़ की गरीब जनता बेहाल रही। 17 महीने में फिर एक बार कमीशन खोरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और भाजपा के केंद्रीय नेता भी इसमें शामिल हैं।

खबर संक्षेप

## सहकारी समिति में हुआ पौधारोपण



**खरोरा**। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खरोरा में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण समिति के अध्यक्ष शिवलाल देवांगन द्वारा किया गया। साथ में ग्राम पंचायत के सरपंच मया वंशे, उपसरपंच लोमश देवांगन, हेमंत देवांगन, शंकर देवांगन, समिति प्रभारी राजेन्द्र कुमार वर्मा, रामाधार वर्मा, विनोद पाण्डेय, जय साहू, प्रवीण निर्मलकर, नारायण निर्मलकर के उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उपसरपंच लोमश देवांगन ने कहा कि बरसात के समय में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करना चाहिए, इससे हम प्रकृति की ऋण चुका सकेंगे।

## कल्याण बने नवापारा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष



**हथबंद**। ग्राम पंचायत लावर के कार्यकर्ता कल्याण ध्रुव को भाजपा नवापारा मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस खबर से समूचे हथबंद क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी एवं गुलाल उड़ा कर उनका स्वागत किया। कल्याण सिंह ध्रुव एक लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़कर निष्ठापूर्वक सेवा कर रहे हैं। उनका सादगीपूर्ण व्यवहार, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और युवाओं को प्रेरित करने की क्षमता ही उन्हें इस पद तक लाने में सहायक बना। गांव में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। स्वागत करने वालों में मनोज ध्रुव, फग्गू राम, अवध चक्रधारी, आनंद ध्रुव, वसंत गिरी गोस्वामी, गोवर्धन ध्रुव, दादू ध्रुव, श्याम नेताम, गणेश राम, जगार राम, हरिशंकर लोहार, मुकेश यादव, संतोष ध्रुव, श्रीराम यादव, बिसाहू ध्रुव, रूपेंद्र ध्रुव, निरंजन ध्रुव, राहुल ध्रुव, राहुल लोढ़ी, किशन यादव, शिवराम ध्रुव, गोविंद ध्रुव, आदित्य राम, युवराज सिंह, सोकेत ध्रुव, शीतल ध्रुव समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

निधन

## बूंद कुंवर रात्रे

**मुंडा**। कोरदा निवासी फागूलाल रात्रे की दादी बूंद कुंवर रात्रे 90 वर्ष का निधन हो गया। वे अपने पीछे



तीन पुत्र और दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनके निधन पर कमलेश रजक, ओम जायसवाल, आलोक मिश्रा, सुमेर वर्मा, केशव सेन, डेनिस साहू आदि ने शोक व्यक्त किया।

# करोड़ों के मंगल भवन में गंजेड़ियों का डेरा, नगरवासी उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते नव निर्मित भवन भूत बंगला में तब्दील हो गया है। देखरेख नहीं होने से करोड़ों रुपए के भवन में चोर उचको ने डेरा बना लिया है। असामाजिक तत्त्वों द्वारा शराब, गांजा पीने के भवन में लगे पंखा, लाइट, बाथरूम सीट, नल पाइप इत्यादि समान निकाल दिए गए हैं और नगर पंचायत में बैठे जिम्मेदार अधिकारी को भनक नहीं। शासन द्वारा करीब 76 लाख की लागत से नवनिर्मित मंगल भवन बनकर पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद भी नगरवासियों के उपयोग से वंचित है। बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माण कार्यों पर खर्च मिलाकर इसकी लागत करोड़ों में पहुंच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह भवन उपेक्षा और अनदेखी के चलते अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। नगर के गरीब असहाय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को शादी-विवाह, तेरहवीं और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए भवन की अत्यधिक आवश्यकता रहती है, लेकिन मंगल भवन का उपयोग नहीं हो पाने से उन्हें निजी स्थानों या महंगे हॉल की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ और असुविधा दोनों झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो बंद पड़े मंगल भवन की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। भवन के खिड़की-शीशे, दरवाजे, शौचालय, बाथरूम, बिजली बोर्ड, पंखे और टाइल्स क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

## असामाजिक तत्वों ने भवन में लगे पंखे, लाइट, बाथरूम सीट, नल पाइप निकाल ले गए

### भय का माहौल

भवन में दिन-रात असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आस-पास के लोगों में भय का माहौल बना रहता है वही स्थानीय नागरिकों की मांग है कि शासन और प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दें और मंगल भवन को शीघ्र चालू कर नगर वासियों के लिए सुलभ बनाएं।



### जल्द ही नगरवासियों को सौपेंगे

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान ने कहा अभी कुछ दिन पूर्व हम सभी जन प्रतिनिधि पार्षद द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगल भवन में टूट फुट को रिपेयर कराकर जल्द ही नगरवासियों को सौपेंगे ।

पूर्व पार्षद अजय ताम्रकार से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि मंगल भवन बनकर तैयार है, जो अभी कई जगह जर्जर स्थिति में है। इसे नगर पंचायत द्वारा मरम्मत कराकर जल्द से जल्द नगरवासियों को प्रदान किया जाए।

पर्व: गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मबोध, आत्मचिंतन और अध्यात्मिक जागरण का दिन

# गुरु पूर्णिमा आज : मंदिर, आश्रम और स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



क्षेत्र में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मंदिरों, आश्रमों और विद्यालयों में इस पावन अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्रद्धालु गुरुओं का पूजन कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। गायत्री मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा के पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर के प्रमुख कार्यकर्ता पुहुप लाल वर्मा ने जानकारी दी कि प्रातः 7 से 8 बजे तक अखंड जाप का आयोजन किया गया है, जिसके पश्चात 8 से 9 बजे तक एक कुंडी महायज्ञ सम्पन्न होगा। यज्ञ में भाग लेने हेतु श्रद्धालुओं की उपस्थिति उत्साहजनक रही। वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न वैदिक संस्कारों का भी आयोजन किया गया है। गुरु पूर्णिमा पर्व का उद्देश्य जीवन में गुरु की आज्ञा का पालन कर उनके मार्गदर्शन में आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति करना है।

शास्त्रों के अनुसार, गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मबोध, आत्मचिंतन और अध्यात्मिक जागरण का दिन है। इस दिन व्रत रखने, गुरु मंत्र का जाप करने तथा गुरु के आदेश का पालन करने से जीवन में विशेष लाभ की प्राप्ति होती है। यह पर्व गुरु को समर्पण का प्रतीक है, जो जीवन को सही दिशा देने में सहायक होता है।

### गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य का पावन पर्व



**हिरमी-रावन**। भगवताचार्य पं. प्रदीप चौबे ने कहा गुरु उसे कहते हैं जो अपने शिष्य की गरुता, अर्थात अज्ञानता को हर ले, जो अपने शिष्य के अज्ञान के अज्ञान को हर कर उसके जीवन को आनंददायक बनाकर अंत में मोक्ष की प्राप्ति करा दें। इसलिए गुरु किसी कुलीन सत्कर्मी और भगवत भक ब्राह्मण को गुरु बनाना चाहिए जो आप को धीरे-धीरे जीवन के अंत तक अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति करा कर परमात्मा तक ले जाये। सच्चा शिष्य भी वही है जो गुरु से निजी स्वार्थ के लिए न जुड़े उनसे चमत्कार की उम्मीद न रखें, क्योंकि ज्ञान कभी चमत्कार नहीं दिखाता, वह अंतिम सत्य परमात्मा तक पहुंचाता है। परमात्मा की कृपा और उनकी प्राप्ति ही ज्ञान का परम उद्देश्य है, आज के दिन संसार को अपने ज्ञान से प्रकाशित करने वाले वेदव्यास महाराज का जन्म हुआ, जिन्होंने समाज के कल्याण के लिए चारों वेद और अठारह पुराणों की रचना किये और जन्म, कर्म तथा मृत्यु के रहस्य को बताया। संसार में जहां-जहां से जिस-जिस से शिक्षा मिले, वह सब शिक्षा गुरु है। शिक्षा गुरु माता पिता बड़े जन स्कूल विद्यालय में ज्ञान देने वाले सभी शिक्षा गुरु है, अर्थात शिक्षा गुरु अनेक लेकिन दीक्षा गुरु एक ही होता है। अगर सच्चे मन से गुरु के दिये ज्ञान और मंत्र को जपा जाय तो निश्चित रूप से संसार की सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है, इसके लिए आपको कहीं भी दूसरे जगह भटकने की आवश्यकता नहीं है ।

## सेन सामुदायिक भवन के भूमि पूजन में शामिल हुए विधायक संदीप



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

देढ़ीपारा देशहा सेन समाज नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं त्रैमासिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू शामिल हुए।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि सेन समाज की एकता अनुशासन और परंपराएं अनुकरणीय हैं। उन्होंने सामुदायिक भवन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा समाज के युवाओं को शिक्षा और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक भवन किसी भी समाज के एकजुटता और गतिविधियों का केंद्र होता है और यह भवन सेन समाज के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं त्रैमासिक अधिवेशन में समाज के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकजुटता, युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया गया।

वक्ताओं ने समाज को संगठित रूप से आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर सेन समाज के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, पूर्व पार्षद अजय ताम्रकार, सतीश पाण्डेय, गुरु दयाल यादव, कोमल वर्मा, अजय बार्वे सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सब्जी पर महंगाई गरीबों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

गांव के साप्ताहिक आम बाजार में हरी सब्जी के भाव गरीबों के कमर तोड़ रहा है। बरसात के मौसम होने के कारण सब्जी के भाव आसमान छू रहे हैं। गोपालपुर के साप्ताहिक बाजार में पुटू 200, खेखसा 200, कलेरा 80, भिंडी 60, बरबटी 80, कुदरु 40, टमाटर 40, दोड़का 40, मुनगा 120, हरी मिर्च 200 रुपए बिक रही है। सब्जी के भाव ज्यादा महंगा होने 500 रुपए में भी थैला नहीं भर रहा है। महिलाओं ने बताया कि शासन से पेन्शन 500 एवं महतारी वंदना का 1000, दिया जा रहा है, वह महंगाई में कम पड़ रहा है। इसलिए उक्त दोनों योजना की राशि को बढ़ाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## स्काउट गाइड ने रोपे फल और छायादायी पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ ने उच्तर माध्यमिक विद्यालय कोसमंदी में जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव के मुख्य आतिथ्य में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ. अजय राव, विशिष्ट अतिथि, ओमप्रकाश चंद्रवंशी प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा, रामखिलावन वर्मा राज प्रधान, पवन वर्मा मंडल अध्यक्ष, भीम यादव, यूके नागवंशी प्राचार्य, तुलसी दास जांगड़े सरपंच, पुरुषोत्तम साहू विधायक प्रतिनिधि, नरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष एसएमडीसी, रतन साहू, लक्ष्मी नाथ ध्रुव पंच, रोमेश खोटे प्राचार्य शामिल हुए। सभी अतिथियों ने पेड़ लगाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी लोगों को पौधे लगाने की अपील की। पौधे से पेड़ बनने तक सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नेहा उपाध्याय जिला संगठन आयुक्त गाइड, ईश्वर साहू स्काउट मास्टर, रामकुमारी पटेल प्राचार्या, रूपेन्द्र चंद्राकर स्काउट मास्टर, सँजीव कुमार पटेल एवं शा.उ.मा. विद्यालय कोसमंदी के समस्त शिक्षक गण एवं विद्यार्थी तथा विभिन्न स्कूलों के स्काउट गाइड शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के लगभग 50 पौधों का शाला प्रांगण में रोपण किया गया।



## किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है उसकी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा




दोसर वैश्य समाज हमेशा से ही जरूरतमंदों की मदद के लिए अग्रणी रहा है और समाज का मार्गदर्शन करता रहा है। भाटापारा उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मंगलवार को दौसर वैश्य गुप्ता समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मर्यादित बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ सम्मिलित हुए।

शिवरतन शर्मा ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि दोसर वैश्य समाज हमेशा से ही अपने सामाजिक कार्यों के जरिए दूसरों की मदद करता आया है। किसी भी समाज की एकजुटता उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। एकजुट समाज में लोगों के बीच आपसी सहयोग, विश्वास और सामंजस्य होता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और विकास की गति बनी रहती है। पैसे से सभ्यता नहीं आती, इसके लिए संस्कारों और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता होती है। संस्कार और नैतिक मूल्य समाज के सदस्यों को सही दिशा में मार्गदर्शित करते हैं और उन्हें एक सभ्य और सशक्त समाज का निर्माण करने में मदद करते हैं।

उन्होंने कहा कि दोसर वैश्य समाज आज सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। साथ ही समाज युवाओं में शिक्षा, संस्कार और नेतृत्व के गुण विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। कार्यक्रम पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा समाज में इस तरह के आयोजन से सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और सामुदायिक विकास को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रशस्त होता हैं। इस अवसर पर दोसर वैश्य समाज के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, पंकज गुप्ता, रमेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, मुरली लाल गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, शिव गुप्ता, महेश गुप्ता, किशोर गुप्ता,शशांक गुप्ता, देवेश गुप्ता सहित समाज के गणमान्य जन एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

- दोसर वैश्य समाज स्वागत समारोह में शामिल हुए शिवरतन शर्मा और जनप्रतिनिधि

## संचालक संचालक ने किया देवरी स्कूल का निरीक्षण

**महासमुंद**। बागबाहरा विकासखंड के शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय देवरी में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर से सहायक संचालक अजीत सिंह जाट का आकस्मिक आगमन हुआ। साथ में सहायक ग्रेड 02 ऋषि कुमार साहू, द्रोणाचार्य साहू, सहायक ग्रेड 03 चंदन निषाद शामिल हुए और विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के समस्त संसाधन का बारीकी से अवलोकन किया। विद्यालय भवन, प्रसाधन बालक और बालिका, समस्त रजिस्टर, पंजी इत्यादि का जांच किया गया।

## रेंगाडीह में हुआ पौधारोपण, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत रेंगाडीह अंतर्गत विद्या मंदिर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रेंगाडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस पहल में सरपंच तिरिथ रात्रे, पंच प्यारे लाल साहू, कामदेव साहू सहित ग्रामीणजन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, कनेर, गुलमोहर, कटहल, आम, मीठा नींबू, बेल, अशोक, कदम, काला जामुन, करंज, सीताफल आदि जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। कुल मिलाकर सैकड़ों पौधे लगाए गए जिससे आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली वृद्धि एवं जैव विविधता में सकारात्मक योगदान की उम्मीद की जा रही है। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक उजेन्द्र बारले, गजानंद यादव, अरुण कुमार साहू, जालंधर साहू, रेशम साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, लोकनाथ रात्रे एवं दानेश्वर प्रसाद साहू की विशेष सहभागिता रही। शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुए वृक्षों की देखभाल के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने हाथों में पौधे लेकर इस कार्यक्रम को खास बना दिया और संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे। इस कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया, बल्कि मां के नाम वृक्ष लगाकर भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित किया। ग्रामवासियों ने विद्यालय द्वारा लिए गए इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे अनुकरणीय बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।

